Rule 59.

Registers to be maintained by the officer-In-charge and the brewer-

The following registers shall be maintained in a brewery-

(A) by the officer-in-charge:

(i) Register in Form B-6 of samples of malts and worts taken for analysis.

(ii) Register of gauge tables in Form B-3.

(iii) Register in Form B-11 of issues of beer against deposit of duty.

(iv) Register of manufacture and issue of beer in Form B-16.

(v) Register in Form B-17 of beer returned unsold to the brewery.

(B) by the brewer:

(i) Register in Form B-2 showing details of entry regarding premises and utensils.

(ii) Brewing book in Form B-4.

Rule 60.

Submission of annual statement of breweries-

Every brewer shall submit to the Collector through the officer-in-charge a statement in duplicate in Form B-18 relating to his brewery in respect of the excise year by December 5. The Collector after satisfying himself that the entries made are correct, shall forward one copy of the statement to the Excise Commissioner, by December 15. The Excise Commissioner shall submit to the State Government, by January 15, a consolidated statement in Form B-18.

Rule 61.

The brewer shall be bound to report to the -officer-in-charge any case in which any person employed by him has been found to have committed any breach of the excise laws or of the terms and conditions of service regulating his employment.

नियम **62** -

माइक्रोब्रूअरी लाइसेंस **– (6** वां संशोधन**)**

लघु यवासवनी हेतु लाइसेंसहोटल / रिसोर्ट / रेस्टोरेन्ट / वाणिज्यिक क्लब हेतु जारी बार लाइसेंस युक्त परिसर में ड्राट बीयर का उत्पादन किये जाने एवं उसे परोसे जाने के लिये प्रपत्र एम0बी0-1 में लाइसेंस स्वीकृत किया जायेगा।

63- लघु यवासवनी हेतु लाइसेंस स्वीकृत किये जाने की प्रक्रिया-

[1] कोई व्यक्ति जो होटल / रिसोर्ट / रेस्टोरेन्ट / वाणिज्यिक क्लब हेतु बार लाइसेंस धारण करता हो और लघु यवासवनी हेतु लाइसेंस प्राप्त करना चाहता हो, उस जिले के जिलाधिकारी जहाँ लघु यवासवनी स्थापित किया जाना प्रस्तावित हो, के माध्यम से आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश को आवेदन करेगा। लाइसेंस की स्वीकृति हेतु आवेदन-पत्र, प्रपत्र एम०बी०-2 में किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किये जायेंगे:- (एक) किसी वर्ष अथवा उस वर्ष के आंशिक भाग जिसके लिये लाइसेंस स्वीकृत हो, के लिए अग्रिम में जमा किया गया रुपये 50,000/- (पचास हजार रूपये) का ट्रेजरी चालान ।

(दो) अक्षांश एवं देशान्तर सहित परिसर का पूर्ण विवरण । (

तीन) प्लान्ट की प्रतिदिन की अधिष्ठापित क्षमता ।

(चार) प्रस्तावित लघु यवासवनी के निर्माण हेतु विवरण एवं मानचित्र

(पांच) लघु यवासवनी की स्थापना हेतु उपकरणों का विवरण

(छः) विधिमान्य बार लाइसेंस की प्रति
(सात) प्रपत्र एम०बी०-3 में घोषणा-पत्र
(आठ) आवेदक को बाध्यकारी करते हुए भारतीय स्टाम्प अधिनियम के अनुसार अपेक्षित मूल्य के नान जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर विहित प्रपत्र एम0वी0-4 में ऐसा वचनबंध कि वह उत्पादों की विशिष्टताओं तथा गुणवत्ता को बनाये रखने हेतु समय - समय पर आबकारी आयुक्त द्वारा यथाविहित मानकों के अनुसार उपकरण परिनिर्मित करेगा।
[2] प्रत्येक आवेदन पत्र के विवरण की, सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारी अथवा उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत जिला आबकारी अधिकारी द्वारा संवीक्षा की जायेगी। तत्पश्चात् जिलाधिकारी अपनी संस्तुति, आबकारी आयुक्त को लाइसेंस स्वीकृत किये जाने हेतु अग्रसारित करेगा।
[3] ऐसी जांच जैसा कि वह उचित समझे, कराये जाने पर और आवेदक की नियमितता तथा कार्यक्षमता के सम्बन्ध में स्वयं का समाधान करने के पश्चात् आयुक्त, राज्य सरकार के अनुमोदन से प्रपत्र एम0वी0-5 में लघु यवासवनी स्थापना हेतु लाइसेंस स्वीकृत कर सकता है।
[4] लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात् आवेदक एक वर्ष के अन्तर्गत उपकरण परिनिर्मित करेगा, जिसमें विफल रहने पर उप नियम (1) के अधीन संदत्त फीस समपहृत हो जायेगी। यदि लाइसेंसधारक, विशिष्टताओं तथा गुणवत्तायुक्त मानकों के अनुसार यवासवनी चलाये जाने में विफल रहता है तो स्वीकृत लाइसेंस किसी नुकसान या क्षति के प्रतिकर के बिना निरस्त किये जाने योग्य होगा। लाइसेंसधारक छ. माह तक लाइसेंस के विस्तार हेतु रुपये 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये मात्र) के अतिरिक्त फीस का भुगतान करके आवेदन कर सकता है।
[5] लघु यवासवनी की स्वीकृति हेतु लाइसेंस फीस दो लाख रूपये प्रतिवर्ष होगी।
[6] जैसे ही उपकरणों की स्थापना हो जायेगी, लाइसेंसधारक लघुयवासवनी के सम्बन्ध में प्रपत्र एम0वी0-6 में आवेदन, प्रपत्र एम०बी०-5 लाइसेंस स्वीकृत किये जाने के दिनांक से एक वर्ष के भीतर आबकारी आयुक्त को जमा करेगा, जिसके साथ निम्नलिखित दस्तावेज जमा किये जायेंगे:-
(एक) लाइसेंस स्वीकृत किये जाने हेतु लाइसेंस फीस हेतु अपेक्षित धनराशि का चालान (दो) अपेक्षित धनराशि की प्रतिभूति जमा की नियत जमा रसीद;
(तीन) स्थानीय जल उपयोगिता, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण-पत्र और भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से रजिस्ट्रीकरण :
(चार) करार का प्रतिलेख
(7) जहाँ आयुक्त का यह समाधान हो जाय कि लाइसेंसधारक ने शर्तों को पूरा कर लिया है और विशिष्टता तथा गुणवत्तायुक्त मानकों के अनुसार बीयर का उत्पादन करने हेतु तैयार है, तो वह लघु यवासवनी हेतु लाइसेंस, प्रपत्र एम०बी०-1 में स्वीकृत कर सकता है। (8) प्रपत्र एम०बी०-1 में लाइसेंस स्वीकृत किये जाने के पूर्व आबकारी आयुक्त द्वारा प्राधिकृत आबकारी अधिकारी परिसर आदि का निरीक्षण करेगा और पूर्वोक्त योजना एवं प्रविष्टियों से उसका मिलान कर तनुसार सत्यापित करेगा।
(9) किसी प्रकार की बीयर का उत्पादन नहीं किया जायेगा और कोई व्यक्ति, बीयर उत्पादन के प्रयोजनार्थ किसी पदार्थ, बर्तन, साधन एवं उपकरण जो भी हो, का बिना किसी प्राधिकार के और आबकारी आयुक्त

द्वारा प्रपत्र एम0वी0-1 में स्वीकृत लाइसेंस की निबंधन एवं शर्तों के अध्यधीन उपयोग नहीं करेगा अथवा अपने पास नहीं रखेगा।

(10) निम्नलिखित आबकारी वर्ष हेतु नवीनीकरण के लिये आवेदन 2.00 लाख रूपये (दो लाख रूपये) की ट्रेजरी चालान के साथ प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी को या इससे पूर्व जिलाधिकारी के माध्यम से प्रपत्र एम.बी.-7 में किया जायेगा। यदि प्लान्ट या भवन में परिवर्द्धन हुआ हो तो नया मानचित्र प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई परिवर्द्धन न किया गया हो तो प्रभारी अधिकारी की ओर से इस आशय का प्रमाण-पत्र, लाइसेंस नवीनीकरण हेतु आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना होगा।

64-लघु यवासवनियों हेतु लाइसेंस स्वीकृत किये जाने पर प्रतिबन्धप्रपत्र एम.बी.- 1 में लाइसेस तब तक स्वीकृत नहीं किया जायेगा, जब तक लघु यवासवनी संयन्त्र हेतु प्रयुक्त स्थान सहित बार परिसर का न्यूनतम क्षेत्रफल 250 वर्ग मीटर न हो।

65-लघु यवासवनी लाइसेंस स्वीकृत किये जाने हेतु अपात्र व्यक्ति- निम्न व्यक्ति लाइसेंस स्वीकृत किये जाने हेतु पात्र नहीं हैं:-

(एक) 21 वर्ष से कम के आयु के व्यक्तिः

(दो) ऐसे व्यक्ति जो अनुन्मोचित दिवालिया हों या जो अपराधों या स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (अधिनियम संख्या 61 सन् 1985) या गैरजमानतीय अपराधों के लिए दोषी ठहराये गये हों,

(तीन) (तीन) सरकार के आबकारी राजस्व के भुगतान में व्यतिकमी हों;

66- निदेशों का अनुपालन करने में विफल होने पर लघु यवासवनी के आवेदन पत्र को निरस्त किया जाना- यदि लाइसेंसधारक, विशिष्टियों तथा गुणवत्तापरक मानकों के अनुसार यवासवनी चलाने में विफल हो तो स्वीकृत लाइसेंस, किसी क्षति या नुकसान के बिना रद्द किये जाने योग्य होगा।

नियम **67.**

67-लघु यवासवनी लाइसेंस की अवधि एवं कारबार प्रारम्भ किया जाना

प्रत्येक लघु यवासवनी का लाइसेंस तीन वर्ष तक के लिये, जो 1 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष, जैसा कि उल्लिखित हो, तक के लिए यथाविहित लाइसेंस फीस का भुगतान किये जाने के अध्यधीन विधिमान्य होगा।

परन्तु यह कि 1 अप्रैल या उसके पश्चात जारी किया गया लाइसेंस भी 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष जैसा कि उल्लिखित हो, तक विधिमान्य रहेगा।

68- लघु यवासवनी हेतु लाइसेंस फीस-

(1) लाइसेंस फीस दो लाख रूपये प्रति वर्ष होगी। लाइसेंस फीस का भुगतान लाइसेस प्राप्त परिसर के स्थित होने वाले जिला में सम्बन्धित कोषागार को ट्रेजरी चालान के माध्यम से किया जायेगा।

(2) लाइसेसधारी, आबकारी आयुक्त के नाम से किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी सावधि जमा रसीद के रूप में 100000.00/- रूपये (एक लाख रूपये) की प्रतिभूति जमा प्रस्तुत करेगा। 69-लघु यवासवनी लाइसेंस का अभ्यर्पणलाइसेंसधारी को लाइसेंस अभ्यर्पित करने के एक माह पूर्व नोटिस देना होगा।

70- लघु यवासवनी में प्रतिभूति का समापहरण किया जाना- जहा कोई लाइसेंस, लाइसेंस के नियमों तथा शत का उल्लंधन किये जाने के कारण निरस्त या निलम्बित हो जाता है वहां आबकारी आयुक्त,

लाइसेंसधारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी प्रतिभूति जमा को उल्लंघन की प्रकृति के आधार पर पूर्णतः या आंशिक रूप से समपहृत करने का आदेश दे सकता है और ऐसी समपहृत धनराशि की प्रतिपूर्ति लाहसेंसधारी द्वारा 15 दिनों के भीतर की जायेगी। यदि लाइसेंसधारी निर्धारित समय में समपहृत प्रतिपूर्ति की सीमा तक प्रतिपूर्ति करने में विफल रहता है तो लाइसेंस स्वतः निरस्त हुआ समझा जायेगा।

नियम **71.**

माइक्रोब्रेवरी लाइसेंस की शर्तें-**(7 वां संशोधन)**

71-लघु यवासवनी के लाइसेंस की शर्ते

(1) लाइसेंस धारी संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 के उपबन्धों और तद्दीन जारी अधिसूचनाओं तथा आदेशों द्वारा आबद्ध होगा।

(2) लाइसेंसधारी ड्राट बीयर के उत्पादन, संचयन एवं परोसने को नियंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा यथाविहित नियमों या आबकारी आयुक्त द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले अनुदेशों तथा आदेशों का अनुपालन करेगा।

(3) लाइसेंसधारी अपनायी जाने वाली बीयर उत्पादन की प्रक्रिया तथा उत्पादित किये जाने वाली तथा परोसे जाने वाली बीयर के मानकों तथा गुणवत्ता के सम्बन्ध में राज्य सरकार या आबकारी आयुक्त द्वारा पारित किये जाने वाले आदेशों से आबद्ध होगा।

(4) लाइसेंसधारी लघु यवासवनी में वाश का घनत्व मापने के लिये आबकारी आयुक्त द्वारा अनुमोदित सेकोमीटर एवं थर्मामीटर उपलब्ध करायेगा। ड्राट बीयर की तीव्रता मापने के लिये एक हाइड्रोमीटर भी उपलब्ध कराया जायेगा।

(5) ग्राहकों को प्रस्तुत तथा उपलब्ध करायी जाने वाली बीयर में अल्कोहल की मात्रा 8% वी०/वी० से अधिक नहीं होगी।

(6) मैच्योरेशन स्तर तक ब्रू का पी०एच०, तापमान एवं विनिर्दिष्ट घनत्व प्रपत्र एम0बी0-8 में अभिलिखित किये जाने चाहिये और वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा माँग किये जाने पर निरीक्षण के अध्यधीन होंगे।

(7) परिसर को समुचित वातायन एवं प्रकाश व्यवस्था सहित साफ-सुथरा रखा जायेगा और यह समस्त प्रकार की सुरक्षा तथा आपात मानकों के अनुरूप हो और साथ ही साथ ग्लास, परोसने की मेज आदि सहित बीयर वितरण प्रणाली को स्वास्थ्य की दृष्टि से सदैव अनुरक्षित रखा जाय।

(8) संचय टैंकों एवं परिसर में समय-समय पर धूम्रीकरण प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा नियमित रूप से किया जायेगा और उसे अभिलेखों में अनुरक्षित किया जायेगा।

(9) किसी भी दशा में नाबालिगों को बीयर या अन्य अल्कोहलिक पेय परोसा नहीं जायेगा।

(10) लाइसेंस फीस एवं यथा विनिर्दिष्ट आबकारी शुल्क का संदाय अग्रिम रूप से किया जायेगा।

(11) लाइसेंसधारी को विनिर्दिष्ट रूप से रजिस्ट्रीकृत बीयर के सिवाय अन्य किसी प्रकार की बीयर का उत्पादन करने से प्रतिषिद्ध किया जायेगा।

(12) लघु यवासवनी में निकासी से संबन्धित लेन-देन का लेखा जोखा, आबकारी आयुक्त द्वारा यथा अपेक्षित रूप में अनुरक्षित किया जायेगा।

(13) लाइसेंसधारी बीयर के उत्पादन एवं बिक्री से सम्बन्धित यथाअपेक्षित आंकड़े की किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा मांग किये जाने पर उपलब्ध करायेगा।

(14) इस नियमावली के किसी उपबन्ध अथवा तद्दीन जारी किये गये अनुदेशों का उल्लंघन किये जाने तथा लाइसेंस की शर्तों को भंग किये जाने पर आबकारी आयुक्त द्वारा अधिनियम के सुसंगत उपबंधों के अनुसार लाइसेंसधारी इकाई के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जायेगी।

(15) लघु यवासवनी की अधिष्ठापित क्षमता, प्रतिदिन 600 (छः सौ) बल्क लीटर और किसी वर्ष में 350 कार्य दिवस के आधार पर 2.10 लाख (दो लाख दस हजार) बल्क लीटर प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होगी।

(16) इस प्रकार उत्पादित ड्राट बीयर को न बोतलों में भरा जायेगा और न हीं परिसर से बाहर उसकी बिकृय किया जायेगी। ड्राट बीयर को गिलास / पिचर में परोसा जायेगा।
(17) संचय टैंकों से तैयार उत्पाद को उपभोग के स्थान हेतु जब अपेक्षित होगा, निकाला जायेगा।
परन्तु यह कि विशेष परिस्थितियों में राज्य सरकार की पूर्वानुमति से आबकारी आयुक्त द्वारा भू-गृहादि के बाहर ड्राट बीयर के उपभोग की अनुमति प्रदान की जा सकेगी।
(18) लघु यवासवनी में उत्पादित बीयर की सेल्फ लाइफ मात्र 72 घंटे होगी।
(19) लाइसेंसधारी, को लघु यवासवनी संयन्त्र वाले कक्ष में ऐसा सी०सी०टी०वी० कैमरा स्थापित करना होगा, जिससे आबकारी मुख्यालय से आई.पी. ऐड्स के माध्यम से सुगमता पूर्वक अनुश्रवण किया जा सके।
(20) लाइसेंसधारी आबकारी विभाग के विनिर्दिष्ट वेब साइट पर सुसंगत सूचना एवं लेखा-जोखा ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था करेगा।

नियम **72.**

माइक्रोब्रेवरी में रसायनज्ञ की नियुक्ति और सौंपे गए कर्तव्य और कार्य - (6 वां संशोधन)

(1) लाइसेंसधारी एक ऐसा रसायनज्ञ अभिनियोजित करेगा जो रसायन विज्ञान के साथ विज्ञान या बायो केमिस्ट्री या अल्कोहल प्रोद्योगिकी में डिग्री धारित करता हो। (2) लाइसेंसधारी को एक ऐसे पूर्ण कालिक मुख्य यवासवक को नियुक्त करना होगा जिसके पास 3 वर्ष का औद्यौगिक अनुभव एवं किसी भी ख्याति प्राप्त यवासवन शैक्षिक संस्थान का प्रमाण-पत्र हो । विदेशी कार्य अनुभव एवं विदेशी शैक्षिक संस्थायें भी स्वीकार्य होंगे।
(3) रसायनज्ञ लघु यवासवनी में प्रयुक्त कच्चे माल और उत्पादित बीयर की गुणवत्ता की जांच करने के लिये भी उत्तरदायी होगा।
(4) रसायनज्ञ की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षर किया जायेगा।
(5) लघु यवासवनी में इस प्रकार उत्पादित बीयर को बिक्री / उपभोग हेतु उक्त रसायनज्ञ द्वारा यह प्रमाणित किये जाने के पश्चात् अवमुक्त किया जायेगा कि यह बीयर मानव उपभोग हेतु उपयुक्त है। लाइसेंसधारी के अतिरिक्त रसायनज्ञ बीयर की विशिष्टताओं, गुणवत्ता तथा सुरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा।
(6) प्रत्येक वैच के नमूने का परीक्षण उक्त रसायनज्ञ द्वारा किया जायेगा। बीयर का नमूना मासिक तौर पर लेकर सम्बन्धित क्षेत्रीय प्रयोगशाला के रासायनिक परीक्षक को विश्लेषण हेतु प्रेषित किया जायेगा, जिसे रासायनिक परीक्षक द्वारा पारित किया जायेगा। इस प्रकार प्राप्त रिपोर्ट को लघु यवासवनी के परिसर में ऐसे सहजदृश्य स्थान पर लगाया जायेगा जो उपभोक्ताओं हेतु सुलभ हो।

73-लघु यवासवनी में बीयर का भण्डारण (7 वां संशोधन)

जैसे ही बीयर के एक बैच का उत्पादन किया जायेगा, वैसे ही उसे संचय कक्ष में स्थानान्तरित कर दिया जायेगा और इस प्रकार स्थानान्तरित बीयर की मात्रा का आंकलन, किण्वन/ब्राइट बीयर टैंक एवं संचयन / सर्विस टैंक के मध्य लगे फ्लो मीटर से किया जायेगा, जिसे अग्रतर टैंक के साथ लगे केलीब्रेटेड गेज से विधिमान्य किया जायेगा। उक्त फ्लो मीटर, आबकारी विभाग की ताले एवं कुंजी के अधीन होगा। इस प्रकार मापित एवं स्थानान्तरित की गयी बीयर की मात्रा, प्रपत्र एम०बी० 8 क में अभिलिखित की जायेगी। आबकारी शुल्क प्रपत्र एम०बी० 8 क में इस प्रकार अभिलिखित मात्रा के आधार पर प्रभारित किया जायेगा। संचयन टैंकों में तैयार उत्पादों को स्थल पर उपभोग हेतु जैसे और जब अपेक्षित हो स्थानान्तरित किया जायेगा।

74-लघु यवासवनी हेतु आबकारी शुल्क एवं अन्य उग्रहण (6 वां संशोधन)

आबकारी शुल्क ऐसे दरों पर संदत्त किया जायेगा, जैसा कि समय-समय पर सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाय।

75-लघु यवासवनी हेतु लाइसेंस प्राप्त परिसर में ही विक्री अनुज्ञात होगी- (6 वां संशोधन)

(1) लाइसेंसधारी केवल लाइसेंस में विनिर्दिष्ट परिसर में ड्राट बीयर की विक्री करेगा।

(2) लाइसेंस अवधि के दौरान लाइसेंस प्राप्त परिसर में कोई परिर्वतन या परिवर्द्धन आबकारी आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा।
(3) लाइसेंसप्राप्त परिसर को लाइसेंस अवधि के दौरान एक स्थान से दूसरे स्थान पर परिवर्तित करने की अनुज्ञा नहीं दी जायेगी। तथापि यदि होटल एवं रेस्टोरेन्ट के मूल लाइसेंस प्राप्त परिसर में परिवर्तन की अनुज्ञा दी जाती है तो प्रपत्र एम.बी.-1 में लाइसेंस प्राप्त परिसर में परिर्वतन पर विचार आबकारी आयुक्त द्वारा किया जा सकता है।

नियम 76.

76-लघु यवासवनी हेतु लाइसेंस प्राप्त परिसर का लाइसेंस और उसकी योजना को प्रदर्शित किया जाना- (6 वां संशोधन)

लाइसेंस के प्रारूप को लाइसेंसप्राप्त परिसर में सहजदृश्य स्थान पर प्रदर्शित किया जायेगा। लाइसेंसधारी को निरीक्षणकर्ता प्राधिकारियों द्वारा सत्यापन हेतु लाइसेंस प्राप्त परिसर का अनुमोदित मानचित्र योजना प्रदर्शित करना होगा।

77- लघु यवासवनी में व्यापार के घन्टे-- (6 वां संशोधन)

(1) लाइसेंसघारी बार लाइसेंस में विनिर्दिष्ट समय में रेस्टोरेन्ट से भोजन की आपूर्ति के साथ व्यापार कर सकता है।
(2) परन्तु यह और कि आबकारी आयुक्त सरकार के पूर्व अनुमोदन से लाइसेंस अवधि के दौरान व्यापार के घंटों में किसी प्रकार का परिवर्तन कर सकता है और लाइसेंसधारी इस प्रकार परिवर्तित समय का अनुपालन करेगा।

नियम **78. -- (6 वां संशोधन)**

लाइसेंसधारी की मृत्यु होने की दशा में लाइसेंस को उसके विधिक वारिसों उत्तराधिकारियों के नाम से नामांतरित किया जा सकता है, यदि लाइसेंस नामांतरण हेतु उनके द्वारा किये गये आवेदनों पर विचार करने के पश्चात् वे अन्यथा अनुपयुक्त नहीं पाये जाते हैं। विधिक वारिस / उत्तराधिकारी, लाइसेंसारी की मृत्यु के 30 दिवस के भीतर लाइसेंस की शेष अवधि के लिए लाइसेंस जारी रखने हेतु आबकारी आयुक्त को आवेदन कर सकते हैं। आबकारी आयुक्त अपने विवेक पर मृत लाइसेंसधारी के विधिक वारिसों / उत्तराधिकारियों के नाम से लाइसेंस को जारी रखने की अनुमति प्रदान कर सकता है।

79-ड्राट बीयर कतिपय व्यक्तियों को न दिया जायेगा या न बिक्रीत किया जायेगा- -- (6 वां संशोधन)

21 वर्ष की आयु से नीचे के व्यक्तियों को ड्राट बीयर न तो दी जायेगी या न बिक्रीत की जायेगी।

80- लघु यवासवनी में मानक मापों का रखा जाना--- (6 वां संशोधन)

लाइसेंसधारी केवल मानक मापों का प्रयोग करेगा, जैसा कि आबकारी आयुक्त द्वारा समय-समय पर विहित किया जाये। मापक उपकरण, बाट एवं माप विभाग द्वारा सम्यक रीति से स्टाम्पित होना चाहिए।

81-लघु यवासवनी के लाइसेंस प्राप्त परिसर में कतिपय कृत्यों का प्रतिषेध ---
(6 वां संशोधन)

किसी प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत परमिट / लाइसेंस के होते हुए भी लाइसेंस प्राप्त परिसर में जुआ खेलना, नाच गाना करना अथवा दुष्प्रेरण, अस्तव्यस्तता या अश्लीलता सम्बन्धी अन्य कृत्य करना दृढतापूर्वक प्रतिषिद्ध है।

82 लघु यवासवनी में सेवकों को नियोजित किया जाना (6 वां संशोधन)

(1) ड्राट बीयर की बिक्री हेतु किसी महिला की नियुक्ति नही की जायेगी। इस प्रयोजनार्थ सम्बन्धित जिले के जिला आबकारी अधिकारी का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् पुरुष नियुक्त किये जायेंगे। इस प्रयोजनार्थ सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी द्वारा परिचय पत्र जारी किया जायेगा।
(2) प्राधिकृत अभिकर्ता या सेवक का प्रत्येक कृत्य लाइसेंसधारी का कृत्य समझा जायेगा। लाइसेंसधारी उन्मादी कार्य के लिये उत्तरदायी होगा।

83-लघु यवासवनी में अनुज्ञापी द्वारा लेखा-जोखा का रखा जाना-(6 वां संशोधन)

प्रत्येक लाइसेंसधारी दैनिक उत्पादन एवं बिक्रय का पूरा एवं सही लेखा-जोखा एम.बी. - 9 प्रपत्र में अनुरक्षित करेगा जो क्रमांक में सख्यांकित किये जायेंगे एवं प्रत्येक पृष्ठ पर सम्बन्धित जिले के जिला आबकारी अधिकारी की मुहर लगी होगी। वह आबकारी आयुक्त द्वारा यथाअपेक्षित अन्य विवरण रखेगा और प्रत्येक माह के 5वें दिनांक के पूर्व विवरण आबकारी आयुक्त द्वारा यथाविहित प्रपत्र में जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी निरीक्षक को प्रेषित करेगा। समस्त पंजिकायें जिला आवकारी अधिकारी द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित होनी चाहिए।

84-लघु यवासवनी के दैनिक लेखा पंजी में प्रविष्टियां- -(6 वां संशोधन)

लाइसेंसधारी लाइसेंस प्राधिकारी अथवा आबकारी विभाग के किसी अन्य अधिकारी, जो आबकारी निरीक्षक से निम्न श्रेणी का न हो, द्वारा मांग किये जाने पर कोई भी लेखा विवरण सांख्यिकी या कोई अन्य विशिष्टियां उसे ऑनलाइन अथवा हस्त चालन के माध्यम से उपलब्ध करायेगा।

85 लघु यवासवनी के परिसर का निरीक्षण करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी – -(6 वां संशोधन)

आबकारी निरीक्षक की श्रेणी से अनिम्न कोई अधिकारी लाइसेंस प्राप्त परिसर में कार्यशील घंटो में प्रवेश कर सकता है एवं उसकी जाँच कर सकता है तथा समस्त लेखाओं, पंजिकाओं एवं स्टाकों का निरीक्षण तथा सत्यापन कर सकता है। निरीक्षणकर्ता अधिकारी ऐसे नमूनों, जैसा कि आवश्यक हो, को लेने के लिए अथवा ऐसे अभिलेखों एवं पंजिकाओं, जो आवश्यक हों, का प्रभार ग्रहण करने हेतु सक्षम होगा और लाइसेंसधारी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह ऐसे निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को निरीक्षण करने, सत्यापन करने एवं नमूना लेने हेतु युक्तियुक्त सहायता प्रदान करें। परिसर से कोई अभिलेख हटाये जाने पर आबकारी अधिकारी को उसकी रसीद देनी पड़ेगी और इस सम्बन्ध में निरीक्षण पुस्तिका में प्रविष्टि करनी होगी।

86-लघु यवासवनी में निरीक्षण पुस्तिका का अनुरक्षित किया जाना- -(6 वां संशोधन)

निरीक्षणकर्ता अधिकारियों के प्रयोग हेतु एक निरीक्षण पुस्तिका, प्रपत्र एम.बी.- 10 में रखी जायेगी और इसकी सुरक्षित अभिरक्षा के लिए लाइसेंसधारी उत्तरदायी होगा। निरीक्षण पुस्तिका राजकीय सम्पत्ति होगी और लाइसेंस अवधि समाप्ति होने पर इसे सम्बन्धित आबकारी अधिकारी को सौप दी जायेगी।

87-लघु यवासवनी लाइसेंस समाप्त होने पर लाइसेंस प्राधिकारी को अभ्यर्पित किया जाना- -(6 वां संशोधन)

इस नियमावली के अधीन स्वीकृत प्रत्येक लाइसेंस समाप्त होने पर लाइसेंसधारी द्वारा लाइसेंस प्राधिकारी को अभ्यर्पित किया गया समझा जायेगा।

88 लघु यवासवनी के कठिनाइयों का निवारण -(6 वां संशोधन)

यदि आवेदन अथवा इस नियमावली के किसी निर्वचन के सम्बन्ध में कोई सन्देह या विवाद उत्पन्न होता है तो उसपर आबकारी आयुक्त का निर्णय अन्तिम होगा।

प्रपत्र एम.बी.-1
(नियम 63 (7) देखे)
लघु यवासवनी चलाये जाने हेतु लाइसेंस

अक्षांश देशान्तर परिसर की चौहद्दी-
पूर्व
पश्चिम.
उत्तर
दक्षिण,

लाइसेंसधारी की फोटो

लाइसेंस धारक (लाइसेंसधारियों) का / के नाम

यह लाइसेंस एतद्वारा. ..----------.निवासी (निवासीगण) को ड्राट बीयर के उत्पादन एवं उसे परोसने हेतु परिसर ....---------- ---- में उत्तर प्रदेश यवासवनी नियमावली 2019 के उपबन्धों तथा निम्नलिखित शर्तों तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा हेतु समय-समय पर बनाये गये ऐसे अन्य नियमों तथा बीयर के उत्पादन, विकी, आपूर्ति एवं कीमतों को नियंत्रित किये जाने के अध्यधीन स्वीकृत किया जाता है। एतपूर्व संख्यांकित किसी नियम के व्यतिक्रमण में संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम 1910 के अधीन यथाविहित अन्य शास्तियों के अतिरिक्त लाइसेंस का समपहरण किया जाना सम्मिलित होगा।

यह लाइसेंस आबकारी वर्ष ..----------के लिए विधिमान्य होगा।

लघु यवासवनियां, निम्नलिखित आबकारी वर्ष हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी को या इससे पूर्व अपने लाइसेंसों को नवीनीकरण हेतु आवेदन करेंगी।

शर्तें

(1) लाइसेंसधारी संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 के उपबंधों और तदधीन जारी अधिसूचनाओं तथा आदेशों का पालन करने के लिए बाध्य होगा।

(2) लाइसेंसधारी उत्पादन, संचय एवं परोसने को नियंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा यथाविहित नियमों या आबकारी आयुक्त द्वारा समय-समय पर निर्गत अनुदेशों एवं आदेशों का अनुपालन करेगा।

(3) लाइसेंसधारी अपनायी जाने वाली बीयर के उत्पादन की प्रकिया और उत्पदित किये जाने एवं परोसने हेतु बीयर के मानकों तथा गुणवत्ता के सम्बन्ध में राज्य सरकार अथवा आबकारी आयुक्त द्वारा पारित आदेशों का अनुपालन करने के लिए बाध्य होगा।

(4) लाइसेंसधारी आबकारी आयुक्त द्वारा अनुमोदित सेक्रोमीटर एवं थर्मामीटर यवासवनी में वाश का घनत्व मापने के लिये उपलब्ध करायेगा। ड्राट बीयर की तीव्रता मापने के लिए एक हाइड्रोमीटर भी उपलब्ध कराया जायेगा।

(5) ग्राहकों को उपलब्ध करायी जाने वाली उत्पादित बीयर में अल्कोहल अतवस्तु 8% वी० /वी० से अधिक नहीं होगी।

(6) परिपक्वता स्तर तक ब्रू का पी.एच., तापमान एवं विनिर्दिष्ट घनत्व प्रपत्र एम.बी-8 में अभिलिखित किया जाना चाहिए और वह निरीक्षण के अध्यधीन होगा, जैसा और जब सक्षम प्राधिकारी द्वारा भाग किया जायेगा, उसे उपलब्ध कराया जायेगा।

(7) परिसर को समुचित वातायन तथा प्रकाश व्यवस्था सहित साफ सुथरा रखा जायेगा और यह समस्त प्रकार की उपर्युक्त सुरक्षा तथा आपात मानकों के अनुरूप होगा और साथ ही साथ ग्लास, परोसने की मेज आदि सहित बीयर वितरण प्रणाली को स्वास्थ्य की दृष्टि से सदैव अनुरक्षित रखा जाय।

(8) संचय सुविधा एवं परिसर में समय-समय पर धूमीकरण प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा नियमित रूप से किया जायेगा और उसे अभिलेखों मे उल्लिखित किया जायेगा।

(9) किसी भी दशा में नाबालिगों को बीयर या अन्य अल्कोहलिक पेय परोसा नही जायेगा । (10) लाइसेंस फीस एवं यथाविनिर्दिष्ट आबकारी शुल्क का संदाय अग्रिम रूप में किया जायेगा

(11) लाइसेंसधारी को विनिर्दिष्ट रूप से रजिस्ट्रीकृत बीयर के सिवाय अन्य किसी प्रकार की बीयर का उत्पादन करने से प्रतिषिद्ध किया जायेगा।

(12) लघु यवासवनी में निकासी से संबंधित लेन-देन का लेखा जोखा, आबकारी आयुक्त द्वारा यथाअपेक्षित रूप में अनुरक्षित किया जायेगा।
(13) लाइसेंसधारी बीयर के उत्पादन एव विक्री से सम्बन्धित यथाअपेक्षित आंकड़ा किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा मांग किये जाने पर ऑनलाइन या हस्तलाघवता पूर्वक उपलब्ध कराया जायेगा।
(14) नियमावली या लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन किये जाने पर आबकारी आयुक्त लाइसेंसधारी को एक पखवाड़े की सूचना देने के पश्चात् लाइसेंस को निलम्बित या रद्द कर सकता है। लाइसेंसधारी इस प्रकार के निलम्बन या रद्दकरण पर किसी भी प्रतिकार का हकदार नहीं होगा।
(15) लघु यवासवनी की अधिष्ठापित क्षमता प्रतिदिन ब ली० और किसी वर्ष में 350 कार्य दिवस के आधार पर लाख वली० से अधिक नहीं होगी।
(16) इस प्रकार उत्पादित ड्राट बीयर को न बोतलों में भरा जायेगा और न ही परिसर से बाहर उसकी बिक्री की जायेगी। ड्राट बीयर को गिलास / पिचर में परोसा जायेगा।
(17) संचय टैंकों से तैयार उत्पाद को उपभोग के स्थान हेतु जब आवश्यकता होगी, निकाला जायेगा।
(18) लघु यवासवनी में उत्पादित बीयर की शेल्फ लाइफ 72 घन्टे होगी।
(19) लाइसेंसधारी को लघु यवासवनी संयन्त्र वाले कक्ष में ऐसा सी.सी.टी.वी. कैमरा स्थापित करना पड़ेगा, जिसे आबकारी मुख्यालय से आई.पी. एड्रेस के माध्यम से अनुश्रवण किया जा सके।
(20) लाइसेंसधारी आबकारी विभाग के विनिर्दिष्ट वेब साइट पर सुसंगत सूचना एवं लेखा-जोखा ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था करेगा।
प्रयागराज दिनांक.....20

आबकारी आयुक्त
उत्तर प्रदेश ।

प्रपत्र एम.बी. -7
(नियम 63 (10) देखे)
लाइसेंस एम.बी.- 1 के नवीकरण हेतु आवेदन पत्र
सेवा में,
आबकारी आयुक्त
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज
द्वारा कलेक्टर
महोदय,
1- मैं / हम पुत्र श्री .----------.निवासी जिला.. ----------में उत्तर प्रदेश यवासवनी नियमावली 2019 के नियम 63 (10) के अधीन लघु यवासवनी को कार्य किये जाने हेतु स्थान / मुहल्ला. ..----------जिला ....---------- में स्वीकृत लाइसेंस को एतद्वारा नवीकरण हेतु आवेदन करता हूँ करते हैं। लाइसेंस नवीकरण के अनुमोदन के सम्बन्ध में अपेक्षित सूचना निम्नानुसार है -
2-बार लाइसेंस की सूचना
3- परिसर का सम्पूर्ण क्षेत्रफल (वर्ग मी० मे)
4- लघु यवासवनी के स्थित होने के स्थान एवं नाम का विवरण
5-क्या प्रदूषण नियत्रण बोर्ड एवं जल उपभोग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया
6-पात्रों एवं अन्य स्थापित उपकरणों का विवरण है।
7- लघु यवासवनी की प्रति दिन /प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता
8-क्या आवेदक द्वारा राज्य सरकार के पक्ष में विहित लाइसेंस फीस जमा किये जाने का ट्रेजरी चालान संलग्न किया गया है।

9-प्रत्येक कक्ष, स्थान एवं पात्र का सम्पूर्ण विवरण
10-मूल ले आउट एवं मानचित्र
11- क्या आबकारी आयुक्त के पूर्व अनुमोदन से कोई परिवर्तन /परिवर्द्धन / उपांतरण किया गया है, यदि हां आदेश की संख्या एवं दिनांक
स्थान
दिनांक

आवेदक का नाम
आवेदक के हस्ताक्षर

प्रपत्र एम.बी -2
(नियम 63 (1) देखे)
लघु यवासवनी स्थापना हेतु आवेदन-पत्र
1-आवेदक का नाम पूरा पता सहित
2-बार लाइसेंस का विवरण प्रपत्र
3-परिसर का सम्पूर्ण क्षेत्रफल वर्ग मी० में
4-सम्पूर्ण कुर्सी का क्षेत्रफल वर्ग मी० में
5-डायनिंग हाल का क्षेत्रफल वर्ग मी० में
6-पार्किंग क्षेत्रफल वर्ग मी० में
7- निवेश की जाने वाली प्रस्तावित पूंजी की मात्रा
8- पूंजी संरचना
(क) लिमिटेड कम्पनी होने की दशा में
[1] प्राधिकृत
2- निर्गत
[3] संदत्त
[4] ऋण,यदि कोई हो
(ख) अन्य प्रकरण में
[1] पूँजी
[2] ऋण, यदि कोई हो
(ग) निवेश का विवरण
[1] नियत आस्तियां
(i) भूमि
(ii) भवन
(iii) प्लान्ट या मशीनरी
(iv) अन्य, यदि कोई योग
[2] कार्यकारी पूंजी
9- लघु यवासवनी के स्थित होने के स्थान का नाम एवं विवरण अक्षांश एवं देशान्तर सहित 10-क्या प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा की गयी है

11-पात्रों का विवरण तथा अन्य स्थायी उपकरण
12-लघु यवासवनी की प्रति दिन / प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता
13-क्या आवेदन के साथ विहित प्रक्रियात्मक फीस जमा किये जाने हेतु ट्रेजरी चालान संलग्न है, यदि हों तो चालान संख्या एवं दिनांक
14- प्लान्ट / मशीनरी का विवरण प्लान्ट / मशीनरी की कीमत शीतलन इकाई सहित
(1) आयात की जाने वाली आयातित उद्भव
(2) स्वदेशी उद्भव
15-उत्पादन के लिए कच्चा माल
(1) हाप्स सहित कच्चे माल का वार्षिक परिमाण तथा उसका मूल्य [क] प्रतिवर्ष आयात किया जाने वाला या आयातित उद्भव [ख] प्रतिवर्ष स्वदेशीय उद्भव
(2) निर्माण के लिए प्रस्तावित बीयर के निर्माण में प्रतिवर्ष अपेक्षित जौ एवं माल्ट का परिमाण तथा उसका मूल्य
16-जल एवं विद्युत की आवश्यकता
17-प्रक्रिया
(1) आवश्यकता का विवरण
(2) क्या आवश्यक अनुमति प्राप्त कर ली गयी है।
(3) क्या पानी की गुणवत्ता बीयर उत्पादन हेतु उपयुक्त है
(क) निर्माण की संक्षिप्त प्रकिया
(ख) निर्माण किये जाने के लिए प्रस्तावित उत्पाद का स्तर एवं परिमाण
18-तकनीकी सहायता क्या कोई विदेशी सहयोग या जानकारी परिकल्पित है और यदि ऐसा है तो कितनी विदेशी मुद्रा की आवश्यकता है।
19-समय के सम्बन्ध में पूर्वानुमान
20-- (क) प्रपत्र एम.बी. 5 में लाइसेंस जारी होने के पश्चात् भूमि, भवन तथा अन्य स्थान प्राप्त करने के लिए समय.....
(ख) लाइसेंस दिये जाने के पश्चात मशीनरी परिनिर्माण तथा उत्पादन प्रारम्भ करने के लिए अपेक्षित समय
(क) निर्माण का मद
(ख) वार्षिक परिमाण (मैट्रिक माप)
(ग) किण्वन गृह एवं बैच साइकिल समय के आधार पर वार्षिक क्षमता की गणना सम्बन्धी विवरण
21- सेवायोजन की सम्भावना
(1) पर्यवेक्षी
(2) कुशल
(3) अकुशल
22- (क) आबकारी राजस्व का कोई बकाया न होने का
(ख) सरकार से अपेक्षित कोई विशेष सुविधा
(ग) योजना की रूप रेखा यदि कोई हो

आवेदक का नाम,
आवेदक का हस्ताक्षर
दिनांक

प्रपत्र एम.बी. 3
(देखे नियम 63 (1) (सात)

घोषणा पत्र

1-मैं / हम घोषणा करते हैं कि आवेदन पत्र में उल्लिखित विवरण सही हैं।
2- मैं / हम संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 या उसके अधीन बनायी गयी नियमावली अथवा किसी अन्य विधि के अधीन संज्ञेय अपराधों या अजमानतीय अपराधों में दण्डित नहीं किया गया हूँ / नहीं किये गये हैं।
3-मै / हम उत्तर प्रदेश यवासवनी नियमावली 2019 का जिसके अधीन लाइसेंस प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है, की शर्तों से भली भांति भिज्ञ हूँ/ हैं।
4- मै / हम लाइसेंस की शर्तों एवं संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 के उपबन्धों एवं इसके अधीन बनाये गये नियमो एवं शर्तों का पालन करने हेतु वचन करता / करते हूँ / हैं।
स्थान
दिनांक

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रपत्र एम.बी.-4
(नियम 63 (1) (आठ) देखे)
बचन पत्र
मैं/हम----------पुत्र----------निवासी----------एतद्वारा यह वचन करता हूँ हैं कि समय-समय पर आबकारी आयुक्त द्वारा विहित रूप से निर्धारित समय के भीतर मानकों के अनुसार उपकरणों की स्थापना, उत्पादों की गुणवता एवं विशिष्टियां बनाये रखने हेतु परिनिर्मित करूँगा / करेंगें।
स्थान
दिनांक

आवेदक/आवेदकों के हस्ताक्षर

प्रपत्र एम.बी-5
(नियम 63(3) देखे)
लघु यवासवनी स्थापना हेतु लाइसेंस की स्वीकृति

आवेदक/आवेदकों श्री----------पुत्र श्री---------- निवासी---------- एतद्वारा रू० 50000 (पचास हजार रूपये मात्र) भुगतान किये जाने पर जिला---------- में उत्तर प्रदेश यवासवनी नियमावली, 2019 मे अन्त्तविष्ट उपवन्धों और आबकारी राजस्व की सुरक्षा तथा बीयर

के उत्पादन को नियंत्रित किये जाने हेतु समय-समय पर आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा ऐसे अन्य नियमों के अध्यधीन लघु यवासवनी स्थापित किये जाने हेतु अधिकृत किया जाता है। एतपूर्व वर्णित किन्हीं नियमों के व्यतिक्रम करने पर संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 में यथावर्णित ऐसी अन्य शास्तियों के अतिरिक्त लाइसेंस समपहृत हो जायेगा, को

लाइसेंस----------(इस लाइसेंस के जारी किये जाने के दिनांक से) एक वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगा। लघु यवासवक, इस लाइसेस की अवधि को बढ़ाने के लिए उसकी अवधि समाप्त होने के कम से कम तीस दिन पूर्व आबकारी आयुक्त को आवेदन करेगा।

प्रयागराज

दिनांक

आबकारी आयुक्त
उत्तर प्रदेश

प्रपत्र एम.बी -6

(नियम 63 (6) देखे)

लघु यवासवनी चलाये जाने हेतु प्रपत्र एम. वी.- 1 में लाइसेंस स्वीकृत किये जाने हेतु आवेदन पत्र

सेवा में

आबकारी आयुक्त
उत्तर प्रदेश प्रयागराज

द्वारा कलेक्टर महोदय,

1- में हम ---------- पुत्र श्री ---------- निवासी-------- जिला---------- उत्तर प्रदेश में एतद्वारा उत्तर प्रदेश यवासवनी नियमावली 2019 के नियम 63 (6) के अधीन लघु यवासवनी चलाये जाने हेतु लाइसेंस के लिए आवदेन करता हूँ / करते है।

2- लघु यवासवनी स्थापना के लिए प्रयोग किये गये उपकरणों / पात्रों की सूची बीजक सहित संलग्न है।

3- लाइसेंस स्वीकृत किये जाने की दशा में आवेदक पर लघु यवासवनी में कार्य प्रारम्भ करने का प्रस्ताव करता है / करते हैं।

4-आवेदक (क) लघु यवासवनी या उसके कार्य संचालन के सम्बन्ध में प्रयोज्य नियमों के उपवन्धों और (ख) उन शतो जो आवेदित लाइसेंस में दर्ज की जाये, अनुपालन करने का वचन देता है / देते हैं।

5- उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र, स्थानीय जल उपभोग एवं खाद्य संरक्षा एव मानक प्राधिकरण भारत से प्राप्त लाइसेंस/रजिस्ट्रीकरण संलग्न है।

6 कोई अतिरिक्त नक्शा/अनुमान या सूचना जो अपेक्षित हो, शीघ्र दी जायेगी।

7-आवेदक राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से आबकारी आयुक्त द्वारा समय समय पर यथानिर्धारित प्रतिभूति धनराशि जमा करने के लिए तैयार है /हैं।

स्थान

दिनाक

आवेदक का नाम
आवेदक का हस्ताक्षर